Headline: - Health Exchange 2026: Startups and CSR representatives from across the country participated. Easy Health Checkups from Home: A 7-Second Voice Sample Reveals the Condition of Your Lungs and Heart.

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
28th March 2026	**Rajasthan Patrika**	All

हेल्थ एक्सचेंज 2026 : देशभर के स्टार्टअप, सीएसआर प्रतिनिधियों ने लिया भाग

घर बैठे हेल्थ चेकअप आसान, 7 सेकंड की आवाज बताएगी सांस और दिल की हालत

जयपुर @ पत्रिका प्लस. स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को सांगानेर स्थित एक विश्वविद्यालय में हेल्थ एक्सचेंज 2026 कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें देशभर के स्टार्टअप, अस्पताल कॉर्पोरेट, सरकारी अधिकारी और सीएसआर प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

दिल्ली से आए तरुण आदर्श ने घर बैठे सांस और हृदय स्वास्थ्य की निगरानी के लिए नई तकनीक पेश की। इस तकनीक में सिर्फ 7 सेकंड की आवाज से एयरवे पेटेंसी स्कोर का पता लगाया जाता है। उपयोगकर्ता अपनी आवाज रिकॉर्ड कर भेजते हैं। सिस्टम उसे प्रोसेस करके पूरी रिपोर्ट देता है। रिपोर्ट में यह बताया जाता है कि श्वसन मार्ग में कोई रुकावट है या सुधार हो रहा है। इसे बीमारियों से पहले रोकथाम के उद्देश्य से बनाया है।

अब आपकी हेल्थ रिपोर्ट समझना आसान

गुड़गांव से आए बिमल आनंद ने एक एआइ प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है, जो लैब और ब्लड टेस्ट रिपोर्ट को सरल भाषा में समझाता है। ऐप में पंजीकरण के बाद, यूजर अपनी रिपोर्ट अपलोड करता है। सिस्टम उसकी स्वास्थ्य के संदर्भ में रिपोर्ट का विश्लेषण करता है। है।

स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाया जा सकता है

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक डॉ. अमित यादव ने कहा कि सरकारी सिस्टम, रिसर्च संस्थान, स्टार्टअप्स के बीच सहयोगी शोध और नवाचार से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाया जा सकता है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल-एनआईआरडीएचडीएस की निदेशक डॉ. मोना दुग्गल ने स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर बात रखी।